राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर 10 अक्टूबर। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बरकतुल्ला खाँ की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार, 11 अक्टूबर, 2021 को प्रात: 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

\- - - - - - - - - - - -

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर 10 अक्टूबर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कल सोमवार दिनांक 11 अक्टूबर, 2021 को प्रातः 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री अजय मिश्रा टेनी को उनके पद से तत्काल बर्खास्त करने की मांग को लेकर जयपुर के सिविल लाईन्स फाटक पर मौन व्रत का आयोजन किया गया है। इस मौन व्रत में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेतागण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, सांसदगण, विधायकगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान प्रदेशाध्यक्षगण/ संयोजकगण उपस्थित रहेंगे।

\- - - - - - - - - - - -

Created by Universal Document Converter